हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, मंगलवार, 31 मार्च 2026
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

तापमान
अधिकतम 32.2 डिग्री
न्यूनतम 20.2 डिग्री

4
मानस महायज्ञ से जीवन में भक्ति, ज्ञान और वैराग्य के भाव होते हैं उत्पन्न: मंजू



## पिता-पुत्र की दर्दनाक मौत, तीसरा लड़ रहा जिंदगी से जंग
# दशगात्र से लौटते वक्त काल बन गई सड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



- रविवार रात 9:30 बजे हुआ हादसा
- पूरी रात सड़क किनारे तड़पते रहे तीनों

शोकसभा से लौट रहे तीन ग्रामीणों के लिए रविवार की रात मौत बनकर आई। टिकैतगंज क्षेत्र में हुए भीषण सड़क हादसे ने न सिर्फ एक परिवार को उजाड़ दिया, बल्कि व्यवस्था और मानवीय संवेदनाओं की भी पोल खोल दी। दशगात्र कार्यक्रम से लौटते वक्त हुई इस दुर्घटना में पिता-पुत्र की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनका तीसरा साथी गंभीर हालत में जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रहा है।

इस हादसे की सबसे भयावह और झकझोर देने वाली तस्वीर यह रही कि तीनों पूरी रात सड़क किनारे पड़े रहे। दो की मौत हो चुकी थी, जबकि तीसरा घायल पूरी रात मदद के इंतजार में तड़पता रहा लेकिन कोई मदद के लिए नहीं पहुंचा। मिली जानकारी के अनुसार, झारखंड के गुमला जिले के ग्राम सिबिल, थाना चैनपुर निवासी जितना मुंडा और उनके पुत्र बीरेंद्र मुंडा, तथा ग्राम कुरमा निवासी रामदयाल मुंडा (55 वर्ष), जशपुर के ग्राम टिकैतगंज में आयोजित दशगात्र कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। कार्यक्रम के बाद तीनों रविवार रात करीब 9:30 बजे मोटरसाइकिल क्रमांक जेएच 07 एन 6848 से अपने घर लौट रहे थे। लेकिन उन्हें अंदाजा भी नहीं था कि यह सफर उनकी जिंदगी का आखिरी सफर साबित होगा। रास्ते में अचानक बाइक अनियंत्रित हो गई और जोरदार टक्कर के साथ दुर्घटनाग्रस्त हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि जितना मुंडा और उनके बेटे बीरेंद्र मुंडा ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि रामदयाल मुंडा गंभीर रूप से घायल होकर सड़क किनारे पड़े रहे।

**रातभर तड़पता रहा घायल, कोई मदद नहीं:** हादसे के बाद का दृश्य और भी ज्यादा भयावह था। पूरी रात तीनों सड़क किनारे पड़े रहे—दो शव वहीं पड़े रहे और एक घायल मदद के इंतजार में तड़पता रहा। यह घटना क्षेत्र में आपातकालीन व्यवस्था, रात की पेट्रोलिंग और इंसानी संवेदनाओं पर बड़ा सवाल खड़ा करती है।

**सुबह राहगीरों ने देखा:** सोमवार सुबह राहगीरों की नजर जब सड़क किनारे पड़े लोगों पर पड़ी, तब घटना सामने आई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को तत्काल अस्पताल भेजा गया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

**पुलिस ने शुरू की मामले की जांच:** पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण तेज रफ्तार या सड़क की खराब स्थिति माना जा रहा है।

**एक ही झटके में उजड़ गया परिवार:** इस दर्दनाक हादसे ने एक परिवार की खुशियां हमेशा के लिए छीन लीं। पिता-पुत्र की एक साथ मौत से गांव में मातम पसरा हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है।

## अपर कलेक्टर ने गैस एजेंसी और पेट्रोल पंप संचालकों की ली बैठक



- गैस एजेंसी संचालकों को गोदाम के बाहर और दुकान में सीसीटीवी कैमरे लगाने के दिए निर्देश

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देश में अपर कलेक्टर प्रदीप कुमार साहू ने कलेक्ट्रेट मंत्रणा सभाकक्ष में जिले के सभी ऑयल कंपनियों के पम्प संचालक एवं गैस एजेंसी संचालकों की बैठक ली गई। जिसमें संचालकों द्वारा पेट्रोल, डीजल एवं गैस की किसी भी प्रकार की कोई समस्या नहीं होना बताया गया साथ ही ऑयल कंपनियों से नियमित रूप से सप्लाई प्राप्त होने की जानकारी दी गइ। बैठक में सभी पेट्रोल डीजल संचालकों को नियमित रूप से स्टॉक की जानकारी प्रेषित करने हेतु निर्देशित किया गया साथ ही जरकीन बोतलों में पेट्रोल डीजल प्रदाय न करने के निर्देश दिए गए एवं गैस एजेंसी परिसर में सीसीटीवी कैमरा चालू हालत में रखे जाने हेतु निर्देशित किया गया। सभी गैस एजेंसी संचालकों को अपने कार्यालय में टोल फ्री नंबर एवं क्षेत्रीय खाद्य निरीक्षक एवं ऑयल कंपनियों के अधिकारियों के नंबर प्रदर्शित करने के साथ परिसर में सीसी टीवी कैमरा एवं गोदाम स्थल पर भी सीसी टीवी कैमरा स्थापित करने हेतु निर्देशित किया गया।

## खबर संक्षेप

### धर्म स्वातंत्र्य विधेयक 2026 संविधान सम्मत नहीं है: गुप्ता



**जशपुरनगर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य, कुनकुरी नगर पंचायत अध्यक्ष विनयशील ने साय सरकार द्वारा पारित धर्म स्वातंत्र्य विधेयक 2026 से असहमति जताते हुए कहा है की यह विधेयक संविधानसम्मत नहीं है। यह विधेयक भारतीय संविधान के तहत मिले धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार और उस पर लागू युक्तियुक्त प्रतिबंध से आगे जाकर राज्य को ऐसी शक्तियां प्रदान करता है जिससे किसी निर्दोष व्यक्ति और संस्था को प्रताड़ित किया जा सकता है। विनयशील ने कहा की इस क़ानून में आदिवासीयत को स्पष्टता से परिभाषित नहीं किया गया है। विधानसभा में हुई बहस को पढ़कर यह समझ आ रहा है की कानून की मंशा आरएसएस के एजेंडे को पूरा करने की ज़्यादा है धर्मांतरण रोकने की काम आज भारत में ऐसे क़ानून मौजूद हैं जो जबरिया धर्म परिवर्तन पर रोक लगाते है। ऐसे में साय सरकार द्वारा हड़बड़ी में लाया गया बिल भाजपा की राजनीतिक मंशा को स्पष्ट करता है।

### माता पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण हेतु समिति गठित

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ माता पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण तथा कल्याण अधिनियम 2007 के अंतर्गत छत्तीसगढ़ शासन, समाज कल्याण विभाग मंत्रालय रायपुर की अधिसूचना में नीहित प्रावधान अनुसार भरण पोषण अपील अधिकारण का गठन किया जाता है। इसी तारतम्य में जशपुर जिले में भी समाज कल्याण विभाग अंतर्गत माता पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण अधिकारी नियुक्त कर भरण-पोषण समिति का गठन किया गया है। जिसमें कलेक्टर जशपुर को अध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं वरिष्ठ नागरिक जशपुर बजरंग गुप्ता को सदस्य तथा समाज कल्याण विभाग के उप संचालक को समन्वयक बनाया गया है।

### प्रभावित परिजन हेतु 4 लाख की राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के एक मामले में प्रभावित परिजन को आरबीसी 6-4 के तहत 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृत दी है। जशपुर तहसील अंतर्गत ग्राम किनकेल निवासी स्व. मंजित का आकाशीय बिजली से 22 मार्च 2025 को मृत्यु हो गई। मृतक के निकटतम वारिस उनके पत्नी श्रीमती बालमुनी बाई हेतु 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की गई जान

**अम्बिकापुर।** बसंतपुर चातरघटरा नाला के समीप अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बाइक सवार को टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए एक युवक की वाड्रफनगर अस्पताल में मौत हो गई जबकि दूसरे युवक ने मेडिकल कॉलेज अस्पताल में दम तोड़ दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार बसंतपुर थाना अंतर्गत ग्राम मुरकौल निवासी रामरूप ओडके आ. राम सिंह (35 वर्ष) 28 मार्च को गांव के ही राजू के साथ बाइक से ससुराल ग्राम डूमर पान गया था। दोनों डूमर पान से वापस मुरकोल आ रहे थे और जैसे की बसंतपुर चातर घुटरा अजगर नाला के समीप पहुंचे तभी विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तत्काल वाड्रफनगर अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां राजू की मौत हो गई।

## भक्ति और उत्साह के साथ निकली महावीर जयंती शोभायात्रा



**जशपुरनगर।** कुनकुरी नगर में महावीर जयंती के पावन अवसर पर जैन समाज द्वारा भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। प्रातः ही समाज के महिला, पुरुष एवं बच्चों ने पारंपरिक सामाजिक वेशभूषा धारण कर अनुशासित पंक्तियों में यात्रा की शुरुआत की। शोभायात्रा जैन मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः जैन मंदिर पहुंची। पूरे मार्ग में "जियो और जीने दो" जैसे संदेशों के साथ भगवान महावीर के अमर उपदेशों की गूंज सुनाई देती रही। यात्रा के दौरान भक्ति गीतों और वाद्ययंत्रों की मधुर ध्वनि से वातावरण भक्तिमय बना रहा।

इस अवसर पर जैन समाज के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष गजेंद्र जैन विशेष रूप से उपस्थित रहे। आकर्षक रथ में भगवान महावीर की झांकी सजाई गई, जिसमें इस वर्ष शैलेश कुमार जैन रथ पर सवार रहे। शोभायात्रा में जैन मुनियों का दल एवं माताजी का समूह भी शामिल हुआ, जिनके सान्निध्य में कार्यक्रम को आध्यात्मिक ऊर्जा मिली। आयोजन को सफल बनाने में रतनलाल जैन, प्रकाशचंद्र जैन, मनोज जैन (कुमार स्टोर), निहालचंद जैन, अजय अज्जू जैन, निपेंद्र जैन, सुनील जैन, दिलीप जैन, प्रदीप जैन, बाबूलाल जैन, अनिल रारा,रवि जैन, अमन जैन, अंशुल रारा, ऋषभ जैन, संजय जैन, मुकेश जैन, संदीप जैन, सौरभ जैन, हेमंत जैन, विकास जैन, कौशल जैन, राहुल जैन, मेहुल जैन, दिनेश जैन, मोहित जैन सहित समाज के अनेक गणमान्य नागरिकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।पूरे आयोजन में जैन समाज के युवा, महिलाएं एवं बच्चों की उत्साहपूर्ण सहभागिता देखने को मिली। कार्यक्रम ने नगर में सामाजिक एकता और धार्मिक सद्भाव का संदेश प्रसारित किया।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान की दो दिवसीय कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



जिले के मनोरा मंडल में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के अंतर्गत दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यशाला में संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण, कार्य पद्धति, वैचारिक अधिष्ठान एवं तकनीकी माध्यमों के उपयोग पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया गया। कार्यक्रम में विभिन्न सत्रों की अध्यक्षता प्रभाकर यादव, राजकपूर भगत, रंजीत भगत, आरती सिंह, पंकज जायसवाल, भजू नंदन नायक, बाबूलाल सिंह एवं देवधन नायक ने संयुक्त रूप से की।

वक्ता के रूप में पूर्व जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश सिन्हा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नरेश नंदे, जिला भाजपा महामंत्री मुकेश शर्मा, एसटी मोर्चा अध्यक्ष श्यामलाल भगत, पूर्व जनपद अध्यक्ष गोविंद राम भगत, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शांति भगत, सोशल मीडिया प्रभारी विनोद निकुंज एवं अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष हदीश अंसारी ने अपने विचार व्यक्त किए।

### कार्यकर्ता योजनाओं की सही जानकारी जनता तक पहुंचाए

पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष शांति भगत ने सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि कार्यकर्ता आम जनता तक योजनाओं की सही जानकारी पहुंचाएं, जिससे पात्र हितग्राहियों को अधिकतम लाभ मिल सके।कार्यशाला का कुशल संचालन शरद चौरसिया एवं रंजीत भगत ने संयुक्त रूप से की।

### इनकी रही उपस्थिति

दो दिवसीय कार्यशाला में मण्डल प्रभारी रूपेश सोनी,विकास प्रधान,रामदास यादव ,राधेश्याम यादव, सुखनाथ जी,परिंदा गुप्ता, सिया राम ,महेश शाही ,रितु यादव, पूर्व सुषमा सिंह, अरविन्द सिंह ,चन्द्र शेखर स्वर्णकार, मुन्ना सिंह, आरती सिंह, भुनेश्वर नायक, नमन जैन, आशिक अंसारी, नरेंद्र भगत ,कांता भगत, सलमा भगत,जगपती भगत कृष्णा बुनकर , परमानंद सिंह, बासुदेव राम , सुखनाथ राम, नंदकुमार यादव देव कुमार नायक सहित बूथ कार्यकर्ता से लेकर भाजपा के पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यशाला में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने सक्रिय सहभागिता निभाई और संगठन को मजबूत बनाने हेतु उपयोगी जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम का समापन उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ।

## कुनकुरी में धर्म स्वतंत्रता विधेयक 2026 के विरोध में कैथोलिक ईसाई समाज की रैली



**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ में प्रस्तावित धर्म स्वतंत्रता विधेयक 2026 के विरोध में सोमवार को कुनकुरी नगर में हजारों लोगों की भागीदारी के साथ विशाल महारैली निकाली गई। जशपुर जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे ईसाई समाज के लोगों ने इस रैली में शामिल होकर कानून को वापस लेने की मांग की। रैली की शुरुआत स्थानीय खेल मैदान से हुई, जहां बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हुए। इसके बाद प्रदर्शनकारी शहर के विभिन्न वार्डों से होते हुए नारेबाजी करते हुए अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने छत्तीसगढ़ शासन के नाम ज्ञापन सौंपते हुए प्रस्तावित कानून को वापस लेने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि यह विधेयक धार्मिक स्वतंत्रता को प्रभावित कर सकता है और इसे "काला कानून"बताया। उन्होंने कहा कि इससे समाज में भय और ⏭ शेष पेज 4 पर

## बैगापारा सड़क के क्षतिग्रस्त हिस्सों का सुधार कर बीटी कार्य पूर्ण



**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण परियोजना पत्थलगांव के अंतर्गत एल 097-एल -067 से बैगापारा तक 2.30 किलोमीटर लंबाई की सड़क का बीटी (बिटुमिनस) निर्माण कार्य कराया गया है। कार्यपालन अभियंता संतोष नाग ने बताया कि उक्त सड़क के कुछ हिस्सों में आंशिक रूप से क्षति होने की जानकारी प्राप्त होने पर विभाग द्वारा तत्परता से संज्ञान लेते हुए संबंधित ठेकेदार को आवश्यक सुधार कार्य हेतु निर्देशित किया गया था। सुधार कार्य के दौरान 14 मार्च को क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान विधायक रायमुनी भगत द्वारा भी सड़क के क्षतिग्रस्त बीटी भाग को सुधारते हुए पुनः निर्माण कराने के निर्देश दिए गए। प्राप्त निर्देशों एवं विभागीय कार्रवाई के तहत संबंधित सड़क में पुनः बीटी कार्य पूर्ण कर लिया गया है। कार्यपालन अभियंता द्वारा स्थल निरीक्षण करने पर वर्तमान में सड़क की स्थिति संतोषप्रद पाई गई है ।

## कालेज के विघार्थियों को एआई यूथ स्किल प्रोग्राम के संबंध में दी गई जानकारी



**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन जशपुर द्वारा शासकीय राम भजन राय एनईएस महाविद्यालय के सभागार में ऑनलाइन "एआई यूथ स्किल प्रोग्राम"का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की तकनीकी जानकारी, उपयोगिता एवं विभिन्न क्षेत्रों में इसके बढ़ते प्रयोग से अवगत कराना रहा। कार्यक्रम में वन मिलियन, वन बिलियन संस्था के विशेषज्ञों द्वारा ऑनलाइन माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान किया गया। सत्र के दौरान पीपीटी प्रस्तुति के माध्यम से एआई के शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, चिकित्सा, विज्ञान एवं परिवहन जैसे विविध क्षेत्रों में उपयोग को सरल एवं व्यावहारिक तरीके से समझाया गया। साथ ही विद्यार्थियों को भविष्य की आवश्यकताओं ⏭ शेष पेज 4 पर

### कलेक्टर ने ग्राम पंचायतों में संचालित विकास योजनाओं की समीक्षा की
## बच्चों के डिजिटल शैक्षणिक रिकॉर्ड के लिए अपार आईडी अनिवार्य रूप से बनाएं



- पारदर्शिता के साथ समय पर खाद्य वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में ग्राम पंचायतों में संचालित विभिन्न विकास योजनाओं एवं कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, खाद्य विभाग, मछली पालन विभाग, समाज कल्याण विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग श्रम विभाग, कृषि विभाग सहित एनआरएलएम एवं स्वच्छ भारत मिशन के तहत संचालित योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की गई।

खाद्य विभाग की समीक्षा में कलेक्टर ने राशन कार्ड धारकों के ई-केवाईसी कार्य को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी पात्र हितग्राहियों का ई-केवाईसी समय पर सुनिश्चित करें, ताकि उन्हें योजनाओं का लाभ निर्बाध रूप से मिल सके। इसके साथ ही कलेक्टर ने विशेष पिछड़ी जनजाति समुदायों के शेष पात्र परिवारों को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत निर्धारित समय-सीमा में गैस कनेक्शन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने अधिकारियों को खाद्यान्न वितरण कार्य पूर्ण पारदर्शिता के साथ समय पर करने के निर्देश दिए, ताकि हितग्राहियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा में कलेक्टर श्री व्यास ने शेष आंगनबाड़ी भवनों के साथ ही इन भवनों में शौचालयों निर्माण कार्य समय-सीमा में पूर्ण करने पर विशेष जोर दिया। इसके अलावा महतारी वंदन योजना के तहत बचे हुए ई-केवाईसी कार्य को जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि इस योजना का लाभ लेने से कोई वंचित न हो। इसके अलावा कलेक्टर ने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अंतर्गत सभी पात्र हितग्राहियों को समयबद्ध रूप से लाभ प्रदान करने को कहा। साथ ही इस योजना का लाभ लेने सभी लाभार्थियों का ई-केवाईसी अनिवार्य रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि लाभ सीधे और पारदर्शी रूप से सही हितग्राही तक पहुंचे। ⏭ शेष पेज 4 पर



## खबर संक्षेप



### रामचरित मानस गायन-वादन प्रतियोगिता प्रारंभ

**भैयाथान।** ग्राम पंचायत गोविंदगढ़ में छत्तीसगढ़ मानस संगठन द्वारा आयोजित श्रीरामचरित मानस गायन-वादन प्रतियोगिता महासम्मेलन का भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ भटगांव विधायक व मंत्री के प्रतिनिधि के रूप में पहुंचे ठाकुर प्रसाद राजवाड़े के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। प्रथम दिवस 19 मंडलियों ने अपनी आकर्षक प्रस्तुतियां दीं, जिससे पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि श्री राजवाड़े ने श्री रामचंद्र के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर सम्मेलन का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्हें मानस संगठन के लिए ससम्मान संरक्षक पद पर स्व-नियुक्त किया गया। ठाकुर प्रसाद राजवाड़े ने श्रीरामचरितमानस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में संस्कार, भक्ति और सांस्कृतिक चेतना के प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के अंत में आयोजक समिति द्वारा उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन बलिराम यादव ने किया। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील साहू, सरपंच राजकुमारी, उप सरपंच उपेंद्र सिंह, शांतनु गोयल, शिव पांडेय, अभय गुप्ता, रूपेंद्र कुशवाहा,
नेहा सिंह, रमेश यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### नगर में निःशुल्क योग कक्षा का संचालन 2 अप्रैल से

रामानुजगंज। पतंजलि कायाकल्प योग कक्षा समिति अशोकनगर मध्यप्रदेश द्वारा नगर में पुनः नियमित निशुल्क योग कक्षाओं का शुभारंभ किया जा रहा है। यह पहल डॉ. पवन सिंघल द्वारा स्थापित संस्था के मार्गदर्शन में संचालित हो रही है। योग कक्षाएं प्रातः 5 बजे से 7.15 बजे तक आयोजित की जाएंगी। रविवार एवं विशेष अवसरों पर समय बढ़ाकर 7.30 बजे तक रखा जाएगा। इन कक्षाओं का नियमित संचालन करुणा गुप्ता ग्वालियर द्वारा ऑनलाइन किया जाएगा। नगर के वार्ड क्रमांक 9 स्थित प्राचीन राम मंदिर में 2 अप्रैल से योग कक्षा का शुभारंभ योग गुरु ज्ञानेंद्र बाजपेई एवं आरती वाजपेई के नेतृत्व में होगा। इस आयोजन में नगर के बड़ी संख्या में नागरिकों के सम्मिलित होने की संभावना है। इस संबंध में पार्षद सुमित गुप्ता, योग साधक आलोक गुप्ता, अमित गुप्ता एवं अरविंद गुप्ता ने बताया कि पूर्व में भी राम मंदिर में नियमित रूप से योग कक्षाएं संचालित होती थीं, जो कुछ समय के लिए बंद हो गई थीं। अब पुनः प्रारंभ किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि निशुल्क योग शिविर में महिलाएं, पुरुष, बच्चे एवं बुजुर्ग सभी भाग ले सकते हैं।

### महामाया मंदिर परिसर में किया गया गरबा



राजपुर। मां महामाया महिला सेवा समिति द्वारा शनिवार को मां महामाया मंदिर परिसर में गरबा महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। शाम 6 बजे से आयोजित गरबा महोत्सव में मुख्य आकर्षण महिलाओं द्वारा एक ही थीम की साड़ी पहनकर सामूहिक रूप से गरबा प्रस्तुत थी। पारंपरिक परिधान में सजी महिलाओं ने गरबा नृत्य, देवी, भक्ति गीतों पर तालबद्ध नृत्य कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। आयोजन समिति की सदस्यों ने बताया कि इस प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का उद्देश्य महिलाओं को एक मंच प्रदान करना और समाज में आपसी सद्भाव एवं सांस्कृतिक परंपराओं को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों के लिए अनुशासन और परंपरागत गरबा शैली का विशेष ध्यान रखा गया। उपस्थित दर्शकों ने भी तालियों से महिलाओं का उत्साहवर्धन किया। मां महामाया मंदिर परिसर में आयोजित इस गरबा महोत्सव ने न केवल सांस्कृतिक वातावरण को जीवंत किया, बल्कि महिलाओं के उत्साह और एकजुटता का भी सुंदर संदेश दिया।

### वाहन की टक्कर से घायल ग्रामीण की उपचार के दौरान मौत

अम्बिकापुर। बोदरा चौक के समीप बाइक सवार को अज्ञात वाहन के चालक ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए ग्रामीण की उपचार के दौरान मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। जयनगर थाना अंतर्गत ग्राम करवां निवासी राम सिंह मरकाम आ. जगेश्वर मरकाम (56 वर्ष) बाइक से जा रहा था और जैसे ही लटोरी बोदरा चौक के समीप पहुंचा तभी अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को लटोरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने घायल की गंभीर हालत को देख प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान घायल की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## सीएम हुए भक्त माता कर्मा जयंती के प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में शामिल

# प्रदेश को देश में सर्वोच्च स्थान दिलाने में साहू समाज की रहेगी अहम भूमिका : विष्णुदेव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

रविवार को जिले में भक्त माता करमा जयंती के अवसर पर प्रदेश स्तरीय महोत्सव का आयोजन किया गया। छग प्रदेश साहू संघ व सरगुजा संभाग साहू समाज के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने रिंग रोड स्थित भक्त माता कर्मा चौक पर विधिवत पूजा अर्चना कर व मां कर्मा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर आशीर्वाद प्राप्त किया। सीएम ने माता कर्मा को नमन कर प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की।

**खास बात**

- समाज के जमीन पर बाउंड्री वाल के लिए 25 लाख की घोषणा

कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे सीएम श्री साय ने कहा कि साहू समाज एक अत्यंत गौरवशाली समाज है। भक्त माता कर्मा, माता राजिम दाई व दानवीर भामाशाह जैसी महान विभूतियां इसी समाज की देन हैं। सीएम श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ के विकास में सबसे बड़ी बाधा नक्सलवाद था। केरल से भी बड़े भू-भाग वाला बस्तर क्षेत्र 40 वर्षों से अधिक समय तक नक्सल हिंसा से ग्रस्त रहा, जहां न सड़क थी, न बिजली, न पानी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के दृढ़ संकल्प तथा हमारे वीर जवानों के साहस से आज नक्सलवाद समाप्ति की कगार पर है। 400 से अधिक गांवों को मुख्यधारा से जोड़ा जा चुका है। वहां सड़कें बन रही हैं, बिजली पहुंच रही है, स्कूल और अस्पताल खुल रहे हैं। नक्सलवाद के पूर्ण अंत के बाद बस्तर विकास की नई उंचाइयां छुएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान ने छत्तीसगढ़ को प्राकृतिक संपदा, उर्वर भूमि और मेहनतकश लोग दिए हैं। छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया इसी भावना के साथ हम सबको मिलकर इस प्रदेश को देश में सर्वोच्च स्थान दिलाना है। इसमें साहू समाज की भी महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। उन्होने कहा छत्तीसगढ़ के विकास के लिए साहू समाच हमेशा से कदम मिलाकर चल रहा और चलता रहेगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने साहू समाज के लिए छात्रावास या सामाजिक भवन निर्माण हेतु 50 लाख रुपये तथा साहू के जमीन में बाउंड्री वॉल निर्माण के लिए 25 लाख रूपए की घोषणा की। महोत्सव में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी रजवाड़े, पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल, विधायक भूलन सिंह मरावी, बैकुण्ठपुर विधायक भैयालाल रजवाड़े, वन विकास निगम के अध्यक्ष रामसेवक पैकरा, कसडोल संदीप साहू, निरेंद्र साहू, रामकृपाल साहू, लल्लू साहू सहित अनेक जनप्रतिनिधि, साहू समाज के सदस्य, संभागायुक्त नरेंद्र दुग्गा, आईजी दीपक झा, कलेक्टर एस जयवर्धन, एसएसपी प्रशांत ठाकुर सहित जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।



कार्यक्रम में उपस्थित मुख्यमंत्री व अन्य जनप्रतिनिधि।

### माता कर्मा के जीवन से प्रेरणा लेकर समाज को बढ़ाएं आगे

कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने अपने संबोधन में साहू समाज की गौरवशाली परंपरा का उल्लेख करते हुए कहा कि समाज ने सदियों से अपने परिश्रम और समर्पण से प्रदेश को गौरवान्वित किया है। उन्होने कहा इस गौरवशाली परंपरा को समाज के सामने गर्व के साथ रखा जाना चाहिए। हम माता कर्मा जयंती इसलिए मनाते हैं ताकि माता कर्मा के जीवन से प्रेरणा लेकर समाज को आगे बढ़ाया जा सके। उनके बताए मार्ग पर चलकर ही समाज का वास्तविक निर्माण संभव है। उन्होंने समाज के विकास के लिए शिक्षा, संगठन और सामाजिक अनुशासन को आवश्यक बताया। इन्हीं तीन सूत्रों को अपनाकर हम एक सशक्त और आत्मनिर्भर समाज का निर्माण कर सकते हैं। इसके अलावा कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के पदाधिकारियों ने माता कर्मा के जीवन, समरसता और भक्ति के संदेश को विस्तार से प्रस्तुत किया।

## पत्नी की हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराने वाला पति ही निकला आरोपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर



महिला की हत्या करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। हैरानी की बात तो यह है कि आरोपी कोई और नहीं बल्कि थाने में पत्नी की हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराने वाला पति ही निकला। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध हत्या का मामला दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां उसे उसे जेल भेज दिया गया है।

- आरोपी पति को पुलिस ने किया गिरफ्तार

जानकारी के अनुसार ग्राम तारकेश्वरपुर निवासी अलमा प्रजापति ने पुलिस चौकी सलका उमेश्वरपुर में 4 मार्च को रिपोर्ट दर्ज कराया था कि 3 मार्च की सुबह अपने पड़ोसी के साथ सामान लेने कार से खडगवां रतनपुर गया था। घर में पत्नी लीलावती अकेली थी। बैकुंठपुर तरफ से रात्रि में वापस घर पहुंच कर देखा कि पत्नी लीलावती पलंग के नीचे जमीन पर मुंह के बल लेटी थी। पत्नी शराब के नशे में जमीन पर मुंह के बल लेटने की आंशका पर उसे नहीं उठाया। दूसरे दिन सुबह अपनी पत्नी को उठा कर देखा तो उसकी मृत्यु हो गई थी जिसके चेहरे चोट लगा था। घटना कि सूचना पड़ोसियों को दिया। पत्नी की मृत्यु अज्ञात कारणो से होने की सूचना पर मर्ग कायम कर जांच में लिया गया। मर्ग जांच में यह बात सामने आई कि अलमा प्रजापति दूसरी महिलाओं से बातचीत करता था जिस कारण उसकी लीलावती उसके चरित्र पर शंका कर बातचीत करने से मना करती जिससे दोनों में झगड़ा विवाद होता था और अलमा अपनी पत्नी को मारपीट भी करता था। मृतिका के पीएम रिपोर्ट व मर्ग जांच उपरान्त पुलिस ने धारा 103(1) के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू की। चौकी सलका उमेश्वरपुर पुलिस द्वारा पाए गए तथ्यों के आधार पर संदेही अलमा प्रजापति को हिरासत में लेकर पूछताछ किया। पूछताछ पर उसने बताया कि पत्नी दूसरी महिलाओं से बातचीत करने का आरोप लगाकर झगड़ा विवाद करती थी मना करने पर भी नहीं मानती थी। 3 मार्च की रात बैकुंठपुर तरफ से घर आने पर पत्नी द्वारा पुनः चरित्र पर शंका कर विवाद करने से आक्रोशित होकर हाथ-पैर, प्लास्टिक पाइप, चाकू से मारपीट कर उसकी हत्या कर दिया। पत्नी की हत्या के मामले में फंसने से बचने के लिए पुलिस चौकी में जाकर मनगढ़ंत रिपोर्ट लिखवाना बताया। पुलिस ने आरोपी के निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त चाकू, पाइप जब्त कर आरोपी अलमा प्रजापति आ. स्व. पीलाराम (54 वर्ष) गिरफ्तार कर लिया। मामले में गिरफ्तार आरोपी चौकी क्षेत्र का गुण्डा बदमाश भी है।

## मोडिफाइड साइलेंसर लगाकर उत्पात मचा रहे दो बाइकर्स गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

बाइक में मोडिफाइड साइलेंसर लगाकर तेज रफ्तार के साथ नगर में आतंक मचा रहे दो युवकों को पुलिस ने बाइक समेत गिरफतार किया है।

- थाने के सामने भी मचाया आतंक, पीछा कर पुलिस ने धर दबोचा



इस मामले में पुलिस ने नियम विरुद्ध मोडिफाइड साइलेंसर लगाकर बाइक चला रहे दोनों युवकों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया है।

प्राप्त जानकारी अनुसार बाइक में मोडिफाइड साइलेंसर लगाकर कानफोडू आवाज के साथ नगर में दो युवक काफी तेज रफ्तार से बाइक दौड़ा रहे थे। नियम विरुद्ध बाइक में मोडिफाइड साइलेंसर की वजह से जहां नगर में ध्वनि प्रदूषण होने लगा था वहीं तेज रफ्तार की वजह से सड़क में दुर्घटना की आशंका बढ़ गई थी। हद तो तब हो गई जब शहर में रफ्तार का आतंक मचा रहे युवक थाने के सामने साइलेंसर से पटाखे की आवाज निकालने लगे। यह बात पुलिस को नागवार गुजरी और पुलिस ने बाइक सवारों का पीछा करते हुए उन्हें ग्राम रजौटी से धर दबोचा। गिरफ्तार दोनों युवकों ने शराब पी रखी थी और काफी नशे में थे। पुलिस ने दोनों युवकों को बाइक समेत गिरफ्तार कर थाने ले आई। थाने में पूछताछ के दौरान दोनों युवकों ने अपना नाम रवि लकड़ा आ. मंगड़े लकड़ा 21 वर्ष पकरीपारा आरा एवं बिगन बड़ा आ. गुड़ा बड़ा 21 वर्ष कदमपारा पेटला निवासी बताया।

गिरफ्तार युवकों के पास न तो बाइक के वैध दस्तावेज थे और न ही ड्राइविंग लाइसेंस था। जिसके आधार पर पुलिस ने दोनों युवकों के विरुद्ध धारा 170, 126, 135(3)के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। इस संबंध में थाना प्रभारी अखिलेश सिंह ने बताया कि मोडिफाइड साइलेंसर लगाकर बाइक चलाने वालों के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्यवाही की जायेगी।

## रज़ा यूनिटी फाउंडेशन ने 200 से अधिक नन्हे रोजेदार बच्चों को किया सम्मानित

**लखनपुर।** रज़ा यूनिटी फाउंडेशन द्वारा नन्हे रोज़ेदार का एक बेहद रूहानी, अनुशासित और प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह आयोजन न सिर्फ बच्चों के हौसले को बढ़ाने का माध्यम बना, बल्कि समाज में दीन, सब्र, इबादत और अख़लाक़ का खूबसूरत पैगाम भी पेश करता नजर आया।

रमजान मुबारक महीने में छोटे-छोटे बच्चे भी पूरे जज्बे के साथ रोज़ा रखकर रज़ा हासिल करने की कोशिश करते हैं। ऐसे ही नन्हें रोजेदारों की हौसला अफजाई के लिए एक कार्यक्रम का आयोजित किया गया। कार्यक्रम के आयोजक शहज़ेब अंसारी, रकीब अंसारी, रकीब गुलज़ार, अताउल्लाह खान एवं गुलाम मुस्तफा ने पूरे समर्पण के साथ किया। इस अवसर पर संगठन के आलम रज़वी, गुलाम मुस्तफा शमीमी, ताहिर हुसैन, मो.असलम सहित अन्य पदाधिकारी क के अलावा शहर के सम्मानित शफी अहमद खान, इरफ़ान सिद्दीकी, हाजी अख्तर चम्मा, पार्षद बाबर इदरीसी, सैयद अशफाक अली एवं अन्य नागरिकों ने कार्यक्रम में शिरकत कर बच्चों का हौसला बढ़ाया और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए दुआएं कीं। कार्यक्रम के दौरान 200 से अधिक नन्हे रोजेदार बच्चों को सम्मानित कर उन्हें सर्टिफिकेट और तोहफा से नवाज़ा गया।



## कुश्ती दंगल में खिलाड़ियों ने जीते स्वर्ण और रजत पदक

**अम्बिकापुर।** खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 के अंतर्गत सरगुजा जिले के अम्बिकापुर के गांधी स्टेडियम में आयोजित कुश्ती स्पर्धा के दूसरे दिन खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों के बीच जबरदस्त रोमांचक मुकाबला देखने को मिला, खिलाड़ियों ने जीत के लिए पूरा जोर लगाया। इस दौरान विजेता प्रतिभागियों को पदक प्रदान किया गया। प्रतियोगिता में प्रमुख मुकाबले में फाइनल राउंड में सीनियर 50 किलोग्राम महिला में झारखंड की पूनम ओरांव ने तेलंगाना की के. गीता को 6-3 से हराया। महिला सीनियर 62 किलोग्राम भारवर्ग में हिमाचल की प्रियंका चौधरी ने असम की देबी दैमारी को 11-0 से हराया। ग्रीको रोमन सीनियर 67 किलोग्राम भारवर्ग में झारखंड के अंजीतकर मुंडा ने गुजरात के वसावा मुकेशभाई को 9-0 से हराया। 97 किलोग्राम भारवर्ग में हिमाचल प्रदेश के नवीश कुमार ने जम्मू कश्मीर के शमा हुन को 8-0 से हराया। पुरुष फ्रीस्टाइल सीनियर में 74 किलोग्राम भारवर्ग में जम्मू कश्मीर के मुनैर हुसैन ने महाराष्ट्र के विक्रम साहेबराव पवार 11-1 से हराया। पदक प्राप्त करने वालों में आज सीनियर 50 किलोग्राम महिला में झारखंड की पूनम ओरांव ने गोल्ड, तेलंगाना की के. गीता ने सिलवर, झारखण्ड की चंचला कुमारी एवं असम की रूपतालिन ने कांस्य पदक जीता। महिला सीनियर 62 किलोग्राम भारवर्ग में हिमाचल की प्रियंका चौधरी ने गोल्ड, असम की देबी दैमारी ने सिल्वर, मध्यप्रदेश की चांदनी नरेती एवं असम की अनिशा बासुमातारी ने कांस्य पदक जीता।

- खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स के दौरान दिखा उत्साह



इसी प्रकार पुरुष वर्ग में ग्रीको रोमन सीनियर 67 किलोग्राम भारवर्ग में झारखंड के अंजीतकर मुंडा को गोल्ड, गुजरात के वसावा मुकेशभाई को सिल्वर, असम के आकाश करदोंग एवं हिमाचल प्रदेश के अक्षय कुमार ने कांस्य पदक अपने नाम किया। 97 किलोग्राम भारवर्ग में हिमाचल प्रदेश के नवीश कुमार ने गोल्ड, जम्मू कश्मीर के शमा हुन ने सिल्वर, हिमाचल प्रदेश के साहिल चौधरी ने कांस्य पदक जीता। फ्रीस्टाइल सीनियर में 74 किलोग्राम भारवर्ग में जम्मू कश्मीर के मुनैर हुसैन को गोल्ड,महाराष्ट्र के विक्रम साहेबराव पवार को सिल्वर एवं हिमाचल प्रदेश के अंकुश कुमार एवं कर्नाटक अम्रुत फक्कीरप्पा ने कांस्य पदक जीता। फ्रीस्टाइल सीनियर में 125 किलोग्राम भारवर्ग में महाराष्ट्र के विनोद यशवंत सलाकार को गोल्ड,राजस्थान के अमित कुमार मीना को सिल्वर एवं हिमाचल प्रदेश के हरपाल सिंह ने कांस्य पदक जीता।

### पूनम उरांव ने रचा इतिहास

सरगुजा में आयोजित हो रहे देश के पहले खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स' में झारखंड की बेटी पूनम उरांव ने स्वर्णिम सफलता हासिल की है। चतरा जिले की रहने वाली और उरांव जनजाति का गौरव बढ़ाने वाली पूनम ने 50 किलोग्राम भार वर्ग की कुश्ती स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। पूनम की यह जीत केवल एक पदक नहीं, बल्कि उनके अदम्य साहस और धैर्य की कहानी है। वर्ष 2019 में दिल्ली नेशनल के दौरान लगी गंभीर चोट के कारण पूनम को लंबे समय तक रिंग से दूर रहना पड़ा था। मांसपेशियों पर 'टेपिंग' के बावजूद, उन्होंने अखाड़े में अपने प्रतिद्वंद्वियों को अपनी तकनीक और मानसिक दृढ़ता से परास्त किया। पूनम ने अपनी जीत पर खुशी जाहिर करते हुए कहा, यह मेरे लिए एक भावुक क्षण है। 8 साल के लंबे अंतराल और चोट के संघर्ष के बाद, इस पहले ट्राइबल गेम्स में गोल्ड जीतना मेरे और मेरे परिवार के लिए गर्व की बात है। रांची के खेलगांव में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही पूनम एक साधारण किसान परिवार से आती हैं। उनके पिता ने ही उन्हें कुश्ती के ट्रायल्स के लिए प्रोत्साहित किया था। उनका अगला लक्ष्य छत्तीसगढ़ में ही आयोजित होने वाले 'जूनियर नेशनल्स' में उत्कृष्ट प्रदर्शन करना है, ताकि वह अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तिरंगा लहरा सकें।

### मोबाइल दुकान से चोरों ने पार किया 30 हजार नगद व सामान

**अम्बिकापुर।** बलंगी बाजार स्थित श्याम मोबाइल में बीती रात चारों ने दुकान का सीमेंट सीट का छप्पर तोड़कर महंगे मोबाइल और एसेससरीज को पार कर दिया। दुकानदार श्याम कुशवाहा ने बताया कि चोरी में लगभग 30 हजार रूपए नगद, मोबाइल व सामान गायब हुआ है।घटना की जानकारी सुबह तब हुई जब दुकानदार श्याम कुशवाहा ने दुकान खोला। दुकान का सामान बिखरा था तथा छत की सीट टूटी हुई थी। व्यवसाई ने तत्काल चोरी की सूचना पुलिस को दी। घटना से लोगों में डर का माहौल है। लोगों ने पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की है। श्याम कुशवाहा ने बताया कि उसकी दुकान में चोरी की यह चौथी घटना है। चोर बार-बार एक ही दुकान को अपना निशाना बना रहे है।

## केंद्रीय जेल का प्रहरी सेवा से बर्खास्त मोबाइल फोन पर कर रखा था बात

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

केंद्रीय जेल अधीक्षक ने एक जेल प्रहरी को सेवा से बर्खास्त कर दिया है। जेल अधीक्षक ने यह कार्रवाई जेल वार्ड से वायरल हुए वीडियो के बाद की है जिसमें प्रहरी मोबाइल फोन पर बात करते नजर आ रहा है। इसके साथ ही एक साथ मौके पर दो अटेंडर मौजूद है और नियम विरुद्ध तरीके से बाहर से सामान अंदर पहुंचाया जा रहा है। इसके साथ ही इस मामले की जांच चल रही है और जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

बता दें कि 28 मार्च को मेडिकल कॉलेज अस्पताल के जेल वार्ड का वीडियो वायरल हुआ था। इस वायरल वीडियो में जेल वार्ड में नियमों को ताक पर रखकर एक कैदी को विशेष सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही थी। जेल वार्ड में अंदर मोबाइल फोन का उपयोग किया जा रहा था और कैदी के साथ एक से अधिक अटेंडर मौजूद थे। इस घटना की शिकायत मिलने के बाद केंद्रीय जेल के अधीक्षक अक्षय सिंह राजपूत भी मौके पर पहुंचे थे। इस दौरान यह बात सामने आई थी कि जेल में दो सुरक्षा गेट है लेकिन बाहर वाले गेट का ताला खुला हुआ था। ऐसे में तात्कालिक रूप से जेल अधीक्षक ने दो प्रहरियों जय प्रकाश कुजूर और लोकनाथ निषाद को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया था। इसके साथ ही मामले की जांच चल रही थी। जांच में यह बात सामने आई कि 3 वर्ष के कारावास के सजायाफ्ता कैदी 62 वर्षीय हरबख्श सिंह छाबड़ा को मनेंद्रगढ़ से 12 नवम्बर 2025 को भेजा गया था। इसके बाद बीमारी के कारण केंद्रीय जेल अस्पताल के डॉक्टर ने 23 मार्च को उपचार के लिए कैदी को मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर किया गया था और कैदी को अस्पताल के जेल वार्ड में रखा गया था। इस दौरान चिकित्सक दवारा कैदी के नित्य क्रिया के लिए आने जाने हेतु एक अटेंडर दिए जाने की शिफारिश की गई थी जिसके बाद जेल अधीक्षक ने एक बार में एक अटेंडर की अनुमति दी गई थी लेकिन बाहर का भोजन पानी अलाऊ नहीं किया गया था। इसके साथ ही वायरल वीडियो में नजर आ रह अहै कि जेल प्रहरी मोबाइल फोन पर बात कर रहा है और एक साथ दो दो अटेंडर मौजूद है। आधे घंटे के अंदर तीन बार जेल वार्ड का ताला खुला जबकि कैदी के परिजन को बार बार आने जाने की अनुमति नहीं होती है। जेल वार्ड की सुरक्षा में लापरवाही पर जेल अधीक्षक ने तत्काल प्रभाव से प्रहरी जय प्रकाश कुजूर को सेवा से बर्खास्त कर दिया है इसके साथ ही मामले की जांच चल रही है।

### की गई है कार्रवाई

प्रहरी मोबाइल फोन पर बात कर रहा था इसके साथ ही अटेंडर को बार बार आने जाने की अनुमति नहीं है। एक साथ दो अटेंडर अलाऊ नहीं थे और ना ही बाहर का खाना लेकर जाने की अनुमति दी। जेल वार्ड में सुरक्षा में भारी चूक की गई इस लिए एक प्रहरी को बर्खास्त किया गया है और मामले की जांच चल रही है।

-अक्षय सिंह राजपूत
जेल अधीक्षक

## भाजपा का नियमित कार्यक्रम है प्रशिक्षण वर्ग : विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

सरस्वती शिशु मंदिर चांदो में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान अंतर्गत चांदो मण्डल की प्रशिक्षण महाअभियान कार्यशाला का आयोजन किया गया।

- चांदो मण्डल की प्रशिक्षण कार्यशाला में शामिल हुए विधायक उद्धेश्वरी पैकरा






प्रशिक्षण वर्ग में विधानसभा सामरी विधायक श्रीमती उद्धेश्वरी पैकरा शामिल हुई और कार्यकर्ताओं के साथ समय बिताया।

इस अवसर पर विधायक उद्धेश्वरी पैकरा ने कहा कि प्रशिक्षण भाजपा की नियमित प्रक्रिया है,जो कार्यकर्ताओं को और प्रखर बनाते हैं। भाजपा का ध्येय वाक्य राष्ट्र सेवा और जन सेवा है। उन्होंने कहा कि भाजपा निरंतर कार्य करने वाली पार्टी है,जो सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के साथ-साथ संगठनात्मक कार्यों को भी समयबद्ध ढंग से पूरा करती है। श्रीमती उद्धेश्वरी पैकरा ने प्रथम सत्र को संबोधित करते हुए शासन के जनकल्याण कारी योजनाओं को जानकारी देते हुए अवगत कराया। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता सदैव सक्रिय भूमिका में रहते हैं और संगठन द्वारा दिए गए कार्यों को प्रदेश स्तर से लेकर मण्डल स्तर तक और बूथ स्तर तक पहुंच कर उन कार्यों का विस्तार करते हैं। प्रशिक्षण कार्यशाला में द्वितीय सत्र को वैचारिक अधिष्ठान के रूप भाजपा जिला मंत्री एवं जनपद अध्यक्ष मुंद्रिका सिंह ने किया, तृतीय सत्र में भाजपा जिला उपाध्यक्ष आनंद जायसवाल ने भाजपा का इतिहास एवं विकास पर अपना उद्बोधन दिए, चतुर्थ सत्र में भाजपा जिला महामंत्री भानु प्रकाश दीक्षित ने भाजपा के कार्य पद्धति पर प्रकाश डालते हुए विस्तार से कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया। इस दौरान शिवशंकर शुक्ला, सत्यनारायण गुप्ता, श्यामू सिंह, विकास मंडल, सतीश भगत, अभिषेक गुप्ता, सोनू गुप्ता, विकास यादव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

## मवेशी तस्करी के मामले में नाबालिग समेत दो गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** पशु तस्करी के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पुलिस ने विधि से संघर्षरत बालक समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से चार नग मवेशी बरामद किया है। गांधीनगर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मूलत सोराजपुर लटोरी संबलपुर हाल मुकाम गांधीनगर हनुमान मंदिर रोड निवासी अमन प्रेम तिग्गा 28 मार्च की रात 11 बजे अपने दोस्तों के साथ सरगवां से वापस गांधीनगर की और लौट रहा था। इस दौरान सरगवां वाटर पार्क के पास एक महिंद्रा पिकप क्रमांक यूपी 25 जेटी 2549 को सड़क किनारे खड़ा कर वाहन में दो लोग पन्नी बांध रहे थे और वाहन में कुछ छिपाने का प्रयास किया जा रहा था। ऐसे में जब युवकों ने संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की तो युवक गोलमोल जवाब देने लगे। युवकों ने जब पिकअप में लगे तिरपाल को हटाकर देखा गया तो अंदर चार नग मवेशियों को ठूंस ठूंसकर भरा गया था।





# भूत बंगला की चौथी बार बदली रिलीज डेट!

**मुंबई।** हॉरर-कॉमेडी फिल्म भूत बंगला की कई बार रिलीज डेट बदली गई। पहले ये मूवी 3 अप्रैल को गुड फ्राइडे के मौके पर रिलीज होनी थी। लेकिन, बाद में इसे आगे बढ़ाते हुए 15 मई कर दिया गया। मगर फिर इसमें बदलाव करते हुए नई डेट की घोषणा की गई और बताया गया कि ये अब 10 अप्रैल को बड़े पर्दे पर उतारी जाएगी। हालांकि. अब चौथी बार इसकी तारीख बदली गई, जिसका कारण धुरंधर 2 बताया जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अब प्रियदर्शन की फिल्म भूत बंगला' 17 अप्रैल को रिलीज होगी। पहले इसका ट्रेलर 30 मार्च को आउट होना था, लेकिन अब ये अप्रैल की शुरुआती हफ्ते में जारी किया जाएगा।

लाइफ Style

# रश्मिका

## रणबाली से लेकर कॉकटेल 2 में आएंगी नजर

शादी के बाद रश्मिका मंदाना कई बड़ी बजट की फिल्मों में नजर आने वाली हैं। इस लिस्ट में रणबाली से लेकर एनिमल पार्क और कॉकटेल 2 जैसी कई फिल्में शामिल हैं। इन फिल्मों में एक्शन, रोमांस और थ्रिलर देखने को मिलेगा।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

रश्मिका मंदाना इन सभी फिल्मों के जरिए अलग-अलग तरह के किरदार निभाने वाली हैं। दर्शक इन फिल्मों की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। 'मैसा' एक तेलुगु एक्शन ड्रामा फिल्म है। इसमें रश्मिका मंदाना मुख्य भूमिका में हैं। इस फिल्म में रश्मिका एक गोंड जनजाति की महिला का किरदार निभा रही हैं। उनका किरदार बहुत बेबाक, जोशीला, साहसी और मजबूत इच्छाशक्ति वाला है। इस फिल्म का निर्देशन रवींद्र पुल्ले कर रहे हैं। यह फिल्म गोंड जनजाति की संस्कृति और परंपराओं पर आधारित एक भावनात्मक एक्शन थ्रिलर है। 'रणबाली' एक तेलुगु फिल्म है। इसमें रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा मुख्य भूमिकाओं में हैं। विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना की शादी के बाद यह उनकी पहली फिल्म साथ में होगी। 'रणबाली' की कहानी 18वीं सदी की है। यह रायलसीमा क्षेत्र के एक बहादुर स्वतंत्रता सेनानी की कहानी है, जो ब्रिटिश राज के खिलाफ लड़ता है। रश्मिका इस फिल्म में विजय की पत्नी जयम्मा का किरदार निभा रही हैं। 'पुष्पा 3: द रैम्पेज' सुपरहिट 'पुष्पा' सीरीज की तीसरी फिल्म है। रश्मिका मंदाना एक बार फिर श्रीवल्ली के रोल में वापसी करेंगी।



## हॉलीवुड मसाला



# पिंकी एंड द ब्रेन शो से हुए थे मशहूर

**लॉस एंजिल्स।** एनिमेटर और डायरेक्टर बैरी काल्डवेल ने एनिमेनियाक्स और पिंकी एंड द ब्रेन जैसे पॉपुलर शो बनाए थे। इस बेहतरीन कलाकार ने 68 साल की उम्र में दुनिया को अलविदा कह दिया है। बैरी काल्डवेल ने स्कूल ऑफ विजुअल आर्ट्स से ट्रेनिंग ली थी। 1980 में 'फैट अल्बर्ट एंड द कॉस्बी किड्स' जैसे शो से एनिमेशन की दुनिया में कदम रखा था। आगे चलकर उन्होंने वार्नर ब्रदर्स एनिमेशन, वॉल्ट डिज्नी टेलीविजन स्टूडियो और ड्रीमवर्क्स जैसे बड़े स्टूडियो के साथ काम किया।



# यंगर यू म्यूजिक वीडियो में बचपन की यादें कीं साझा

**लॉस एंजिल्स।** सिंगर, एक्ट्रेस माइली साइरस टीनएज में शो 'हैना मोंटाना' शो से काफी मशहूर हुईं। इस शो की 20वीं एनिवर्सरी से पहले माइली ने अपना एक म्यूजिक वीडियो लॉन्च किया है। इसमें अपने पुराने दिनों को सिंगर ने याद किया है। माइली साइरस ने इंस्टाग्राम पर अपना म्यूजिक वीडियो 'यंगर यू' शेयर किया। साथ ही फैंस के लिए कैप्शन में एक स्पेशल मैसेज लिखा है। वह लिखती हैं, 'मैं आपके साथ 'हैना मोंटाना' शो के 20 साल पूरे होने का जश्न मनाना चाहती हूं। यह गाना आपके लिए है। उस जिंदगी के लिए शुक्रिया जिसमें हम साथ-साथ बड़े हुए हैं। मैं हमेशा आपसे प्यार करती रहूंगी।' आगे वह लिखती हैं, म्यूजिक वीडियो यंगर यू सामने आ गया है।



# सबसे हॉट रोल के बारे में किया खुलासा


**मुंबई।** कृति सेनन, शाहिद कपूर और रश्मिका मंदाना की फिल्म 'कॉकटेल 2' 19 जून को सिनेमाघरों में रिलीज के लिए पूरी तरह से तैयार है। वहीं हाल ही में कृति ने अभी तक के अपने सबसे हॉट किरदार के बारे में बताया। अभिनेत्री का कहना है कि उनका यह रोल दर्शकों को हैरान कर देगा। हाल ही में कृति सेनन ने बताया कि कॉकटेल 2 में उनका नया लुक दर्शकों को हैरान कर देगा। कृति ने कहा, 'मुझे लगता है कि मैं कॉकटेल 2 पहले से काफी अलग दिख रही हूं। यह शायद अब तक का मेरा सबसे हॉट किरदार है।' कृति ने फिल्म कॉकटेल 2 के डायरेक्टर होमी अदजानिया की तारीफ करते हुए कहा, होमी की सौंदर्य समझ बहुत अच्छी है और वह स्वभाव से बहुत कूल हैं। उन्होंने मेरे अंदर एक ऐसा कूल पहलू निकाला है, जिसके बारे में मुझे खुद भी नहीं पता था।



# शेयर की जन्मदिन की यादगार तस्वीर

**मुंबई।** अमीषा पटेल सोशल मीडिया पर खूब एक्टिव रहती हैं। अक्सर वे अपनी थ्रोबैक फोटो साझा करती नजर आती हैं। रविवार को उन्होंने अपने जन्मदिन की एक फोटो शेयर की है। यह वर्षों पुरानी तस्वीर है। अपना वह बर्थडे एक्ट्रेस ने सलमान खान के साथ विदेश में सेलिब्रेट किया था। रविवार को अमीषा ने यह थ्रोबैक फोटो साझा की है। इसमें सलमान खान भी नजर आ रहे हैं। यह अमीषा के एक जन्मदिन की यादगार फोटो है, जो लॉस एंजिल्स में मनाया गया था। एक्ट्रेस ने कैप्शन लिखा है, 'लॉस एंजिल्स, यूएसए में मेरे जन्मदिन के जश्न की एक पुरानी याद, जब हम अपने वर्ल्ड टूर पर थे। सलमान के साथ जन्मदिन का सबसे प्यारा केक काटना, जो हमेशा की तरह अपने सबसे प्यारे अंदाज में नजर आए। सलमान खान और अमीषा पटेल काफी अच्छे दोस्त हैं।

## टीवी मसाला



# रिलीज हुआ मटका किंग का टीजर, 17 को होगा प्रीमियर

**मुंबई।** विजय वर्मा अपनी नई सीरीज 'मटका किंग' के साथ ओटीटी पर दस्तक देने वाले हैं। सीरीज का टीजर रिलीज हो गया है। ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो ने इसकी रिलीज डेट का भी ऐलान किया है। एक मिनट तीन सेकंड के टीजर में दिखाया गया है कि विजय वर्मा एक ऐसे शख्स हैं, जो सट्टेबाज हैं। जुआ से वह मोटा पैसा कमाते हैं और ऐश की जिंदगी जीते हैं। एक सीन में विजय वर्मा मटका लिए नजर आते हैं। टीजर में गुलशन ग्रोवर की भी झलक दिखी है। टीजर जारी करते हुए प्राइम वीडियो ने इंस्टाग्राम पर लिखा है **Pot** को उल्टा लिखने पर **Top** बनता है और एक राजा की जगह वहीं होती है। मटका किंग प्राइम वीडियो पर 17 अप्रैल को रिलीज होगी। इस पोस्ट में सीरीज से जुड़े सेलेब्स को टैग किया गया है। 'मटका किंग' में विजय वर्मा, कृतिका कामरा, साई ताम्हणकर, सिद्धार्थ जाधव और अन्य कलाकार मुख्य भूमिकाओं में हैं। इसके निर्देशक नागराज मंजुले हैं। ये सीरीज 1960 के दशक के बदलते बॉम्बे पर आधारित है। ये कहानी एक कॉटन ट्रेडर के इर्द-गिर्द घूमती है। वह 'मटका' नाम का एक नया जुआ सिस्टम शुरू करता है। वह अमीरों के इस शौक को पूरे देश में फैला देता है।'मटका किंग' के को-प्रोड्यूसर सिद्धार्थ रॉय कपूर ने बताया, 'हमें इस सीरीज की ओर जिस चीज ने सबसे ज्यादा खींचा, वो था इसका बड़े स्तर पर बनाया गया अनोखा वर्ल्ड। इसमें एक ऐसे इंसान की कहानी है, जो तेजी से बदलते समाज में अपनी महत्वाकांक्षा, पहचान और सम्मान के लिए संघर्ष करता है।'

## रजत दलाल ने गुपचुप रचाई शादी

**नई दिल्ली।** बिग बॉस और द 50' जैसे रियलिटी शो में रह चुके रजत दलाल शादी के बंधन में बंध गए हैं। शादी की तस्वीरें खुद रजत ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की हैं। रजत को सेलेब्स और फैंस भी शादी की शुभकामनाएं दे रहे हैं। रजत दलाल ने अपनी पत्नी के साथ कई खूबसूरत फोटोज को इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। इन शादी की तस्वीरों में दोनों बहुत खुश नजर आ रहे हैं। एक फोटो में रजत अपनी पत्नी का हाथ थामे हुए हैं, तो वहीं दूसरी तस्वीर में दोनों एक-दूसरे की आंखों में देखते हुए नजर आ रहे हैं। एक तस्वीरें उनकी जयमाला की रस्म की लग रही है। रजत ने अपनी इन शादी की तस्वीरों को इंस्टाग्राम पर शेयर किया और कैप्शन में लिखा, 'जीवन के एक नए पहलू की शुरुआत।'



# अनुराग की फिल्म की लीक हुई तस्वीरें साथ नजर आए कार्तिक-श्रीलीला


**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन और साउथ अभिनेत्री श्रीलीला एक रोमांटिक फिल्म में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म का निर्देशन अनुराग बसु कर रहे हैं। इस फिल्म की शूटिंग इन दिनों कश्मीर में हो रही है। सोशल मीडिया पर इस फिल्म के सेट की कुछ तस्वीरें लीक हो रही है, जो फैंस का दिल जीत रही हैं। सोशल मीडिया पर अनुराग बसु की नई फिल्म की कुछ तस्वीरें इंटरनेट पर लीक हो गई हैं। इन तस्वीरों को कार्तिक और श्रीलीला को एक साथ देखकर उनके फैंस बहुत खुश और उत्साहित हो गए हैं। तस्वीरों में कार्तिक आर्यन, श्रीलीला और डायरेक्टर अनुराग बसु शूटिंग के दौरान बात करते दिख रहे हैं। इस फिल्म की शूटिंग इन दिनों कश्मीर की वादियों में हो रही है। एक तस्वीर में श्रीलीला नीले टॉप और फटी जींस के साथ लाल हिजाब पहने नजर आ रही हैं। वहीं कार्तिक आर्यन उनके पास खड़े नजर आ रहे हैं।



यह फिल्म पहले कई बार टल चुकी है, लेकिन अब लीक हुई तस्वीरों से लग रहा है कि शूटिंग फिर से पटरी पर आ गई है। फिल्म का बड़ा हिस्सा कश्मीर में शूट किया जा रहा है। तस्वीरों में कार्तिक घनी दाढ़ी और लंबे बालों के साथ दिख रहे हैं। यह पहली बार है जब कार्तिक आर्यन और श्रीलीला साथ में स्क्रीन शेयर करेंगे। फिल्म का आधिकारिक नाम और रिलीज डेट अभी तक गुप्त रखा गया है। कार्तिक आर्यन अनुराग बसु की फिल्म के अलावा करण जौहर की फिल्म 'नागजिला' में भी नजर आएंगे। इसके अलावा कार्तिक 'भूल भुलैया' फ्रेंचाइजी की चौथी फिल्म और 'कैप्टन इंडिया' में नजर आएंगे। वहीं श्रीलीला इन दिनों पवन कल्याण की फिल्म 'उस्ताद भगत सिंह' में नजर आ रही हैं।

# दीया पर फिल्म फ्लॉप होने के कारण लगा था पनौती का ठप्पा, राजकुमार हिरानी की 'संजू' ने बदली किस्मत

*__नई दिल्ली।__ दीया मिर्जा की फिल्म 'रहना है तेरे दिल में' आज भी लोगों की पसंदीदा मूवी है। लेकिन, वह बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप हो गई थी और इस कारण एक्ट्रेस को काम नहीं मिलता था। उन्होंने एक लेटेस्ट इंटरव्यू में बताया कि कैसे उन्हें 'पनौती' कह दिया गया था और उसके बाद उन्हें काम नही मिल रहा था। लेकिन, जब उन्होंने राजकुमार हिरानी की 'संजू' में काम किया तो उनके कॅरियर में एक अहम मोड़ आया था। दीया मिर्जा ने बातचीत में खुलासा किया कि उन्हें पनौती का टैग दिया गया था। लेकिन, संजू ने उनकी लाइफ बदल दी थी। एक्ट्रेस ने बताया, 'मुझे ऐसा लगता है कि मैंने अपने बारे में लोगों के मन बनी सोच को बदल दिया और अपनी एक अलग पहचान बनाई। जब मैंने काम करना शुरू किया था तब मेरी तुलना ऐश्वर्या राय से की जाती थी। मुझे याद है कि मुझे एक अच्छा मौका मिलने वाला था लेकिन उसमें बाधा पैदा हो गई थी। मेरी एक तथाकथित बड़ी फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप हो गई थी और इसके कारण काम नहीं मिला। क्योंकि जो लोग मुझे काम देने के लिए लाइन लगाए रहते थे। वो लोग ही आपको अचानक से पनौती और बदकिस्मत समझने लगे थे। तो मैं इन सब चीजों से गुजरी हूं।' जब मैंने*



*काम करना शुरू किया था तब मेरी तुलना ऐश्वर्या राय से की जाती थी। मुझे याद है कि मुझे एक अच्छा मौका मिलने वाला था लेकिन उसमें बाधा पैदा हो गई थी। मेरी एक तथाकथित बड़ी फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप हो गई थी और इसके कारण काम नहीं मिला। जो लोग मुझे काम देने के लिए लाइन लगाए रहते थे। वो लोग ही आपको अचानक से पनौती और बदकिस्मत समझने लगे थे। तो मैं इन सब चीजों से गुजरी हूं।एक्ट्रेस ने आगे बताया, 'मेरी हमेशा से ही इच्छा थी कि कुछ और करूं। और ऐसा संजू के बाद ही हुआ। मुझे याद है कि मैंने राजकुमार हिरानी को कॉल किया था, जब वह फिल्म की कास्टिंग कर रहे थे। मैंने उनसे साथ पहले भी लगे रहो मुन्ना भाई में काम किया था। तो मैंने उनसे कहा कि प्लीज, मुझे काम दीजिए। मेरे पास कोई काम नहीं है और मैं नए काम की तलाश में हूं। कोई मुझे काम नहीं दे रहा है। आप ये मूवी कर रहे हैं और मैं वादा करती हूं कि मैं स्क्रीन टेस्ट दूंगी। जहां भी आप चाहें लेकिन आप मुझे काम दीजिए। और उन्होंने कहा कि मुझे रणबीर और टीम के बाकी लोगों से बात करने दो, फिर बताता हूं।*

## 'नजर से दूर, दिल से दूर' कहावत को किया गलत साबित

# गुमनामी के अंधेरे से निकलकर इन सितारों ने फिर से लिखी अपनी तकदीर

*__नई दिल्ली।__ बॉलीवुड में वापसी करना आसान है, लेकिन अपनी खोई हुई 'किंगडम' वापस पाना नामुमकिन लगता है। हालांकि शाहरुख खान, सनी देओल और बॉबी देओल जैसे स्टार्स ने हाल के सालों में नामुमकिन को मुमकिन कर दिखाया है। जब ये स्टार्स सालों के 'वनवास' के बाद स्क्रीन पर लौटे तो उन्होंने बॉक्स ऑफिस के सारे पिछले रिकॉर्ड तोड़ दिए। यह रिपोर्ट उन सुपरस्टार्स की कहानी बताती है, जिन्होंने अपनी कड़ी मेहनत, सब्र और प्रोजेक्ट्स के सही चुनाव से यह साबित कर दिया कि एक सच्चा स्टार कभी फीका नहीं पड़ता, वे बस सही समय का इंतजार करते हैं। बॉलीवुड की ग्लैमरस दुनिया में 'नजर से दूर, दिल से दूर' का उसूल चलता है। जो दिखता है, वही बिकता है। लेकिन, पिछले कुछ सालों में हिंदी सिनेमा के कुछ हीरो ने वापसी की है और इस कहावत को गलत साबित किया है।*

**शाहरुख** : 2018 की फिल्म 'जीरो' की नाकामी के बाद, शाहरुख खान ने ब्रेक लिया जिससे उनके फैन्स परेशान हो गए. 'किंग खान' चार साल तक बड़े पर्दे से गायब रहे, जिससे लोगों ने कहा कि खान्स का जमाना खत्म हो गया है। 2023 में शाहरुख 'पठान' के साथ लौटे. इसके बाद, 'जवान' और 'डंकी' के साथ, उन्होंने एक ही साल में बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया और दुनिया को साबित कर दिया कि 'बादशाह' सिर्फ एक है। इसे बॉलीवुड हिस्ट्री का सबसे बड़ा और सबसे सफल कमबैक माना जाता है।

**सनी** : सनी देओल 90 के दशक के सबसे बड़े एक्शन स्टार थे, लेकिन 2000 के बाद उनकी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर वैसा करिश्मा नहीं कर पाईं. उन्हें लगभग दो दशकों तक एक बड़ी सोलो हिट के लिए संघर्ष करना पड़ा। जब 22 साल बाद 2003 में 'गदर 2' रिलीज हुई, तो सनी देओल ने वही 90 के दशक का वाइब फिर से बनाया। तारा सिंह के उनके किरदार ने उन्हें एक मास सुपरस्टार के रूप में फिर से स्थापित कर दिया। 65 साल की उम्र में इतनी शोहरत हासिल करना किसी चमत्कार से कम नहीं था।




**फरदीन** : फरदीन खान आखिरी बार 2010 में 'दूल्हा मिल गया' में दिखे थे। उसके बाद वह पूरी तरह से लाइमलाइट से गायब हो गए। उनका वजन बढ़ना और पर्सनल प्रॉब्लम चर्चा का विषय थीं। 2024 में फरदीन ने 14 साल बाद संजय लीला भंसाली की सीरीज 'हीरामंडी' से कमबैक किया। इसके तुरंत बाद, वह 'खेल खेल में' में दिखे। उनके लुक्स और एक्टिंग की तारीफ हुई और अब वह फिर से बड़े प्रोजेक्ट्स का हिस्सा बन रहे हैं।




**संजय** : संजय दत्त का कॅरियर पिछले कुछ सालों में उतार-चढ़ाव से भरा रहा है। उनकी कई फिल्में बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास नहीं कर पाईं और हेल्थ प्रॉब्लम्स ने भी उन्हें कुछ समय के लिए स्क्रीन से दूर रखा। 2022 की फिल्म 'केजीएफः चैप्टर 2' में अधीरा के रोल ने संजय दत्त को खलनायक और अग्निपथ के दौरान मिली ऊंचाइयों पर वापस ला दिया। सालों बाद संजय दत्त ने विलेन के तौर पर ऐसा दबदबा बनाया कि पूरा देश उनका फैन बन गया। उनकी फिल्म 'लियो' (2023), जिसमें थलापति विजय उनके को-स्टार थे, ने भी बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा दी, जिससे साबित हुआ कि 'संजू बाबा' का चार्म अभी भी कायम है।

**बॉबी** : बॉबी देओल का करियर एक समय खत्म माना जा रहा था। उन्होंने खुद कई इंटरव्यू में माना कि वह सालों तक काम के लिए तरसते रहे और डिप्रेशन में चले गए। उन्होंने 'आश्रम' से अपनी **OTT** जर्नी शुरू की, लेकिन उनका असली राज 2023 की फिल्म 'एनिमल' से आया। सालों के इंतजार के बाद, अबरार के रोल में उनके छोटे से रोल ने उन्हें रातोंरात नेशनल क्रश और लॉर्ड बॉबी बना दिया. आज उनके पास विलेन और लीड रोल, दोनों तरह के कई रोल हैं।

**सुष्मिता** : मिस यूनिवर्स और बॉलीवुड की टॉप एक्ट्रेस सुष्मिता सेन ने बीमारी और पर्सनल वजहों से एक्टिंग से 10 साल का ब्रेक लिया था। 2020 में उन्होंने वेब सीरीज 'आर्या' के साथ डिजिटल प्लेटफॉर्म पर कदम रखा। उनके कमबैक ने न सिर्फ उन्हें बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड दिलाया, बल्कि यह भी साबित कर दिया कि एक मजबूत एक्ट्रेस के लिए उम्र और जेंडर कोई मायने नहीं रखते। इस सेकंड इनिंग्स में सुष्मिता ने पहले से भी ज्यादा इज्जत और स्टारडम हासिल किया।

## खबर संक्षेप



### आयुर्वेद चिकित्सा शिविर में 405 मरीजों का इलाज

**रायगढ़।** पुसौर ब्लॉक के दूरस्थ ग्रामों में आयुर्वेद चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों के माध्यम से ग्रामीणों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें उचित परामर्श और निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराया गया। इन शिविरों में कुल 405 रोगियों का उपचार किया गया। शिविर में डॉ. जागृति पटेल द्वारा जोड़ों के दर्द, अस्थि संधि विकार, वृद्धजन स्वास्थ्य समस्याएं, जीवनशैली जनित रोग, आहार विहार, योगासन, स्वच्छता एवं नशामुक्ति जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही आवश्यकतानुसार पंपलेट वितरित कर ग्रामीणों को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया गया। मार्च माह के दौरान कठली, टपरदा, सिंगपुरी, चंघोरी, परसापाली, बराडोली, कोलता पारा, स्कूल पारा एवं बुनगा जैसे गांवों में शिविर लगाए गए। बुनगा में विशेष रूप से जीवनशैली में सुधारए औषधीय पौधों की पहचान एवं उपयोग, घरेलू उपचार, शालेय स्वास्थ्य परीक्षण, बीपी एवं शुगर जांच, सियान जतन तथा दैनिक योगाभ्यास जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को लाभान्वित किया गया। शिविरों के माध्यम से ग्रामीण अंचलों में आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति के प्रति विश्वास बढ़ाने और स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने का संदेश दिया जा रहा है।

### प्रयास विद्यालयों में कक्षा 9वीं में आवेदन 17 तक

**सारंगढ़।** मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना अंतर्गत संचालित प्रयास आवासीय विद्यालयों में सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 9वीं प्रवेश हेतु सभी वर्ग के विद्यार्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन 17 अप्रैल तक किया जा सकता है। प्रयास आवासीय विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को कक्षा 9वीं से 12वीं तक उत्कृष्ट स्कूली शिक्षा के साथ साथ मेडिकल, इंजीनियरिंग, सीए, सीएस, सीएमए, क्लैट तथा एनडी, जैसी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं की विशेष तैयारी कराई जाती है। यह प्रवेश परीक्षा 10 मई 2026 को निर्धारित है। इच्छुक विद्यार्थी विभागीय वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### थलसेना अग्निवीर भर्ती के लिए 1 तक आवेदन

**रायगढ़।** भारतीय थल सेना अग्निवीर भर्ती के लिए इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी 1 अप्रैल तक वेबसाइट पर ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। इसके तहत अग्निवीर पुरूष जनरल, तकनीकी, लिपिक व स्टोरकीपर, ट्रेडमैन दसवीं उत्तीर्ण, ट्रेडमैन आठवीं उत्तीर्ण, अग्निवीर महिला सेना पुलिस तथा स्थाई कैडर नर्सिंग असिस्टेंटए नर्सिंग असिस्टेंट वेट और सिपाही फार्मा के पदों पर भर्ती की जाएगी। ऑनलाईन कॉमन एंट्रेस एग्जाम सीईई 1 जून से 10 जून तक होने की संभावना है। इस संबंध में अन्य जानकारी के लिए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के नजदीक सेना भर्ती कार्यालय नया रायपुर के टेलीफोन नंबर 2965214 पर संपर्क कर सकते है।

### ग्रामीणों को अब नहीं तय करनी पड़ती लंबी दूरी

**रायगढ़।** जहां कभी हर सुबह पानी की चिंता के साथ शुरू होती थी, आज वही दिन सुकून, सुविधा और मुस्कान के साथ गुजर रहा है। यह बदलाव है ग्राम किरीतमाल के लोगों के जीवन में, जिनकी दिनचर्या जल जीवन मिशन के चलते पूरी तरह बदल चुकी है। जिला रायगढ़ के विकासखंड खरसिया से लगभग 30 किलोमीटर दूर बसे किरीतमाल गांव में कुछ साल पहले तक पानी की भारी किल्लत थी। एक साधारण किसान परिवार की गृहिणी तनूजा यादव के लिए हर दिन की शुरुआत पानी की व्यवस्था से होती थी। गांव में कुछ सीमित हैंडपंप ही पानी का एकमात्र साधन थे, जिनसे पानी लाने के लिए उन्हें लंबी दूरी तय करनी पड़ती थी। कई बार दिन में दो से तीन बार चक्कर लगाना उनकी मजबूरी थी। गर्मियों में स्थिति और भी चुनौतीपूर्ण हो जाती थी। हैंडपंप सूख जाते, और जो चलते भी थे, वहां लंबी कतारें लगी रहती थीं। घंटों इंतजार करने के बाद भी पर्याप्त पानी मिलना मुश्किल होता था।

## सरिया में महाभंडारे के साथ नवधा रामायण की पूर्णाहुति

# मानस महायज्ञ से जीवन में भक्ति, ज्ञान और वैराग्य के भाव होते हैं उत्पन्नः मंजू

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया

धर्म कला एवं संस्कृति की नगरी सरिया में अखंड नवधा रामायण की पूर्णाहुति एवं महा भंडारे के साथ अनुष्ठान संपन्न हुआ। रामनवमी के पावन अवसर पर भगवान श्री राम के राज्याभिषेक उत्सव धूमधाम से मनाया गया। फूलों की होली खेली गई। मिठाइयां बांटकर खुशियां मनाई गई। साथ ही साथ भगवान से राम की शोभा यात्रा में नन्हे मुन्ने बच्चों ने अपनी भूमिका निभाते हुए नवधा रामायण को भव्यता प्रदान की। आज अनुष्ठान के समापन अवसर पर पूर्णाहुति एवं महा भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूर्णाहूति, में शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया।

नवधा रामायण के आचार्य पंडित अमित मिश्रा ने बताया कि हवन यज्ञ से वातावरण एवं वायुमंडल शुद्ध होने के साथ.साथ व्यक्ति को आत्मिक बल मिलता है। व्यक्ति में धार्मिक आस्था जागृत होती है। दुर्गुणों की वजह सद्गुणों के द्वार खोलते हैं। यज्ञ से देवता प्रसन्न होकर मनवांछित फल प्रदान करते हैं इसके पहले वृंदावन धाम से पधारी सुश्री देवी मंजू कल्याणी ने कहा कि रामचरित्र मानस महायज्ञ से व्यक्ति भवसागर से पार हो जाता है। रामचरित मानस महायज्ञ से जीव में भक्ति, ज्ञान और वैराग्य के भाव उत्पन्न होते हैं। उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजन से व्यक्ति के पाप पुण्य में बदल जाते हैं तथा विचारों में बदलाव होने पर व्यक्ति के आचरण में भी स्वयं बदलाव हो जाता है। देवी मंजू कल्याणी ने नवधा रामायण पूर्णाहुति के दौरान महा भंडारा दिया जाता है और महा भंडारा का प्रसाद मन बुद्धि चित्त को निर्मल कर देता है। उन्होंने कहा कि मनुष्य शरीर भी भगवान का दिया हुआ प्रसाद ही है। नगर में आयोजित अखंड नवधा रामायण का आयोजन 18 से 28 मार्च तक किया गया था। 28 मार्च को पूर्णाहुति के साथ हवन एवं भंडारा कराया गया। श्रद्धालुओं ने हवन में पहले आहुति डाली। इसके बाद बड़ी संख्या में भक्तों ने भंडारा का लाभ लिया।





नवधा रामायण पूर्णाहुति अवसर पर प्रवचन करते सुश्री देवी मंजू कल्याणी और हवन करते समिति के पदाधिकारी।

### अच्छे प्रसंग सुनकर समाज में आता है बदलाव

नगर पंचायत अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल ने कहा की वृंदावन धाम से पधारी देवी कल्याणी तथा छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध कथा वाचक नंद कुमार साहू व सरिया नगर के गौरव पंडित सलिल कृष्ण गुरु के द्वारा दिए गए प्रवचन की सराहना करते हुए कहा कि आज के समय में ऐसे कथा का होना समाज को एक दिशा प्रदान करता है। लोगों में जागरूकता आती है। अच्छे प्रसंग सुनकर समाज में बदलाव आता है। उन्होंने नवधा रामायण आयोजन समिति को साधुवाद देते हुए कहा कि आने वाले दिनों में भी यहां नवधा रामायण का आयोजन होता रहे और लोगों को इसका लाभ मिलता रहे। सरिया में आयोजित अखंड नवधा रामायण को सफल बनाने में नवधा रामायण समिति के अध्यक्ष शिवकुमार बैरागी कोषाध्यक्ष वीरेंद्र सोनी, गणेश सिंघल, सचिव गोपाल नामदेव, संरक्षक नगर पंचायत अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल, विकास स्वर्णकार, श्याम स्वर्णकार, गजानन प्रधान, फकीर मोहन, रंजू गुरु, डॉ एस कर, विजय सोनी, अरुण मिश्रा, अमित मिश्रा, फागुलाल निषाद, ग्राम गौटिया मिनकेतन प्रधान, छोटेलाल अग्रवाल, रतन दास एवं आयोजन समिति के समस्त पदाधिकारी तथा तुलसी रामायण समिति के समस्त पदाधिकारी का सहयोग सराहनीय रहा।



# कलेक्टर-एसपी का निर्देश कानून का हो पालन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

- कानून व्यवस्था सड़क सुरक्षा व यातायात नियंत्रण को मजबूत करने एक्शन मोड में कलेक्टर

कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे एवं पुलिस अधीक्षक ने जिले की कानून व्यवस्था एवं सड़क सुरक्षा को लेकर दिशा कानून समिति की बैठक में अधिकारियों को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। बैठक में प्रशासन को और अधिक सक्रिय एवं सख्त रवैया अपनाने पर जोर दिया गया। इस बैठक में राजस्व, आरटीओ, पुलिस, नेशनल हाइवेए पशुधन, आबकारी, पंचायत, नगरीय निकाय के अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि जिले में किसी भी प्रकार की जुलूस, धरना, जयंती, उत्सव या सार्वजनिक कार्यक्रम आयोजित करने से पहले संबंधित एसडीएम कार्यालय से अनुमति लेना अनिवार्य होगा। वहीं एनडीपीएस एवं आबकारी एक्ट के तहत जब्त किए गए वाहनों की जल्द नीलामी करने के निर्देश भी दिए गए। सड़क सुरक्षा को लेकर कलेक्टर ने बताया कि फरवरी और मार्च माह में सड़क दुर्घटनाओं में कमी आई है, लेकिन इसे और कम करने के लिए लगातार प्रयास जरूरी हैं। उन्होंने शराब और नशीले मादक द्रव्यों के सेवन कर वाहन चलाने और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई जारी रखने के निर्देश दिए। लोक निर्माण विभाग पीडब्लूडी को सड़क अधोसंरचना में सुधार, रिफ्लेक्टर लगाने, सड़क किनारे रेलिंग पर रेडियम पट्टी लगाने एवं अंधे मोड़ों पर दिशा सूचक बोर्ड लगाने के निर्देश दिए गए, ताकि दुर्घटनाओं को रोका जा सके। इसके अलावा, गढ़चौक क्षेत्र में सड़क चौड़ीकरण अंतर्गत सड़क किनारे लगे ठेलों को हटाने के निर्देश दिए गए। सारंगढ़ शहर में सुबह 7 बजे से 11 बजे तक और शाम 4 बजे से 7.30 बजे तक भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध रहेगा। कलेक्टर ने अवैध शराब एवं मादक पदार्थों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए।

# एक्साइज कटौती को लेकर पक्ष-विपक्ष आमने-सामने

**रायगढ़।** एक्साइज ड्यूटी को लेंकर मुख्यमंत्री साय द्वारा मोदी सरकार का आभार व्यक्त करने पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा इसे चाटुकारिता निरूपित किए जाने पर ओपी चौधरी ने कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा आपकी इन्हीं ओछी हरकतों की वजह से जनता ने कांग्रेस को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाया है।

किसी भी मसले में जनता जनार्दन को गुमराह करने से पहले भूपेश बघेल को अपना इतिहास याद करने की सलाह देते हुए वित्त मंत्री ओपी ने कहा कोविड जैसी राष्ट्रीय आपदा के समय जब पूरी दुनिया संकट से जूझ रही थी और लोग आर्थिक मुश्किलों में थे। तब आपकी कांग्रेस सरकार ने छग में पेट्रोल पर वैट बढ़ाकर आपदा को अवसर बनाकर जमकर वसूली की थी। आज जब दुनिया युद्ध और वैश्विक हालात के कारण महंगे तेल से जूझ रही हैए तब केवल भारत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने देशवासियों को मूल्य वृद्धि के बोझ से बचाने के लिए एक्साइज ड्यूटी कम करने का फैसला लिया है। आम जनता की मिलने वाली राहत से कांग्रेस की तकलीफ है। एक्साइज कम किए जाने से पेट्रोल की मूल्य वृद्धि रुक गई और कांग्रेस से रोने का अवसर भी छीन लिया गया। आपकी सत्ता के समय में आपदा वसूली का अवसर थी, जबकि मोदी जी के नेतृत्व में संकट आने पर भी आम जनता को राहत देने का निर्णय लिया गया है।

### बैठक में वित्त मंत्री हुए शामिल



असम विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर खुमतई विधानसभा के सिनाटोली गांव में विधायक मृणाल सैकिया, खुमतई विधानसभा प्रवासी प्रभारी एवं पूर्व विधायक हरियाणा भव्य बिश्नोई के साथ चुनाव मैनेजमेंट कमिटी की बैठक में वित्त मंत्री विधायक ओपी चौधरी सम्मिलित हुए। इस अवसर पर सत्यजित, अनिमेश सैकिया, प्रोविन, कृष्ण भूषण सहित भाजपा संगठन से जुड़े पदाधिकारी और कार्यकताओं की मौजूदगी रही।

### मुख्य मार्ग पर तलवार लहराकर दहशत बनाने वाला गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** पामगढ़ थाना क्षेत्र के ससहा मेन रोड में तलवार लहराकर दहशत बनाने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से लोहे का धारदार तलवार को बरामद किया गया है। पामगढ़ पुलिस को 28 मार्च को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम ससहा मेन रोड मे एक व्यक्ति लोहे का धारदार तलवार को लहराकर आने जाने वाले लोगो को डरा धमका रहा है। सूचना पर थाना पामगढ पुलिस द्वारा रेड कार्यवाही कर आरोपी ससहा निवासी गुरूदेव निषाद को पकड़ा गया, जिसके कब्जे से लोहे का धारदार तलवार को बरामद किया गया।

# दनौट कया कमतरा मार्ग के लिए 19 करोड़ की स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

विधान सभा धर्मजयगढ़ के दनौट कया कमतरा मार्ग के निर्माण हेतु 18.71 करोड़ की स्वीकृति मिलने पर जिला भाजपा अध्यक्ष अरुण धर दीवान ने मुख्यमंत्री साय एवं विधायक रायगढ़ एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी का आभार जताया है।

घरघोड़ा मंडल द्वारा इस सड़क निर्माण की मांग रखी गई थी। अरुण धर दीवान ने कहा यह बहुप्रतीक्षित मांग पूरा कर साय सरकार ने दलगत राजनीति से ऊपर उठकर विकास सर्वोपरि की भावना से काम किया है। 13.40 किमी सड़क मार्ग के उन्नयन कार्य हेतु 18.71 करोड़ रुपए की स्वीकृति वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने प्रदान की हैं। इस सड़क मार्ग के मध्य 60 मीटर का पुलिया का निर्माण भी प्रस्तावित है। भूपेश सरकार के रहते स्थानीय विधायक की निष्क्रियता की वजह से सड़क निर्माण को मंजूरी नहीं मिल पाई लेकिन साय सरकार ने सबका साथ सबका विकास सबका प्रयास को मूलमंत्र बनाते हुए विकास में आधारशिला रखी है। सड़क निर्माण से जनता को मूलभूत आवश्यकता चिकित्सा शिक्षा आसानी से उपलब्ध होगी।

# मॉडिफाई साइलेंसर को लेकर पुलिस ने चलाया अभियान, पकड़े गए 11 वाहन

- साइलेंसर हटाकर की गई चालानी कार्रवाई

**रायगढ़।** मॉडिफाई साइलेंसर को लेकर पुलिस ने विशेष अभियान चलाया। इसके तहत शहर के विभिन्न चेक प्वाइंट पर वाहनों की जांच की गई। इस दौरान शहर के विभिन्न चौक-चौराहों पर ट्रैफिक पुलिस ने 11 ऐसे वाहनों को पकड़ा जिनमें तेज आवाज वाले मॉडिफाई साइलेंसर लगे हुए थे। सभी वाहनों को कार्रवाई के लिए ट्रैफिक थाना लाया गया। इसके बाद वाहन चालकों और उनके अभिभावकों को पुलिस कार्यालय बुलाया गया।



जहां एसएसपी शशि मोहन सिंह ने नियमों के उल्लंघन पर कड़ी फटकार लगाते हुए भविष्य में ऐसी गलती दोहराने पर अलग से प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की चेतावनी दी। थाने में इन वाहनों में लगे मॉडिफाई साइलेंसर निकलवाकर चालानी कार्रवाई की गई। मॉडिफाई साइलेंसर के विरुद्ध लगातार अभियान चलाकर हाल ही में थाना यातायात और थानों द्वारा करीब 50 साइलेंसर जब्त किए गए हैं। जिन्हें ट्रैफिक पुलिस द्वारा पुलिस कालोनी में बुलडोजर चलवाकर नष्ट किया गया है।

# रेलवे लाइन निर्माण से सड़क यातायात का दबाव घटेगा पर्यावरण और स्थानीय विकास को मिलेगा लाभ

**रायगढ़।** रायगढ़ जिले के पुसौर तहसील अंतर्गत छोटे भंडार क्षेत्र में स्थापित कोयला आधारित बिजली संयंत्र के लिए कोयला आपूर्ति को सुव्यवस्थित करने हेतु रेल परियोजना पर कार्य प्रगति पर है। संयंत्र से वर्तमान में 600 मेगावाट बिजली का उत्पादन किया जा रहा है। 2 गुणा 800 मेगावाट क्षमता के अतिरिक्त संयंत्र का निर्माण कार्य चल रहा है।

बिजली उत्पादन के लिए ईंधन आपूर्ति की नियमित व्यवस्था को देखते हुए यह रेल मार्ग विकसित किया जा रहा है।प्रस्तावित रेल लाइन किरोड़ीमल से शुरू होकर मुरालीपाली, उच्चभित्ति, काशीचुआ, गेजमुड़ा, बनहर, बघनपुर, जामपाली, उसरौट, बालमगोंडा, कुरमापली, गोर्रा, राईतराई, बुलाकी, बासनपाली, रुचिदा, शंकरपाली, पुसलदा, कोतमरा और बड़ेभंडार होते हुए संयंत्र क्षेत्र तक जाती है। इन ग्रामों में निर्माण गतिविधियां विभिन्न चरणों में चल रही हैं। परियोजना से जुड़े कुल 20 ग्रामों में भूमि अधिग्रहण किया गया जिसके पश्चात निर्माण कार्य प्रारम्भ कर पूर्णता की ओर अग्रसर है भूअर्जन की पूरी प्रक्रिया शासन के द्वारा नियमानुसार और निर्धारित दरों पर पूरी कर ली गई थी। 18 ग्रामों के भू-स्वामियों ने नियमानुसार मुआवजा स्वीकार किया और कार्य आगे बढ़ा। शेष दो ग्रामों में कुछ भू-स्वामियों द्वारा निर्धारित दरों से अधिक मुआवजे की मांग की गई, जिस कारण कार्य में बाधा उत्पन्न हुई। प्रशासनिक स्तर पर इस स्थिति को कानून एवं प्रक्रिया के तहत संभाला गया। सरकारी कार्य में अवरोध उत्पन्न होने की स्थिति को देखते हुए प्रशासन द्वारा आवश्यक कार्रवाई की गईए जिसके बाद परियोजना से जुड़े कार्यों को आगे बढ़ाया गया। वर्तमान में कोयले की आपूर्ति सड़क मार्ग से होती है, जिससे भारी वाहनों की आवाजाही बढ़ती है। रेल मार्ग से परिवहन शुरू होने पर सड़कों पर यातायात का दबाव कम होगा, धूल-प्रदूषण में कमी आएगी और सड़क सुरक्षा से जुड़े जोखिम घटेंगे। स्थानीय स्तर पर इसे एक दीर्घकालिक सुविधा के रूप में देखा जा रहा है।



## पृष्ठ 1 का शेष

### कुनकुरी में धर्म ...

असंतोष की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।छत्तीसगढ़ में पहले से लागू छत्तीसगढ़ धर्म स्वतंत्रता अधिनियम 1968 के तहत बल, प्रलोभन या धोखे से धर्म परिवर्तन कराना दंडनीय अपराध है तथा इसके लिए प्रशासन को सूचना देना आवश्यक होता है। प्रस्तावित नए विधेयक में इन प्रावधानों को और सख्त किए जाने की चर्चा है।

### कालेज के विद्यार्थियों ...

के अनुरूप तकनीकी रूप से सशक्त बनने के लिए प्रेरित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए अपने प्रश्न भी रखे, जिनका विशेषज्ञों द्वारा समाधान किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को प्रमाण-पत्र भी प्रदान किए गए। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अमरेन्द्र ने अपने उद्बोधन में कहा कि वर्तमान समय में एआई एक महत्वपूर्ण तकनीक के रूप में उभर रही है, जो दैनिक जीवन के विभिन्न कार्यों को सरल बना रही है। उन्होंने विद्यार्थियों को इस अवसर का लाभ उठाकर स्वयं को कौशलयुक्त बनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में टीआरआई से सुश्री दिव्या प्रियदर्शनी, महाविद्यालय के प्राध्यापकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### बच्चों के डिजिटल ...

कलेक्टर श्री व्यास ने आंगनवाड़ी केंद्रों में नामांकित सभी बच्चों की आपार आईडी अनिवार्य रूप से बनाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इससे प्रत्येक बच्चे का डिजिटल शैक्षणिक रिकॉर्ड स्थायी रूप से सुरक्षित रहेगा, जिससे भविष्य में उनके शैक्षणिक प्रगति का आसानी से आकलन किया जा सकेगा तथा विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ भी उन्हें सुगमता से प्राप्त हो सकेगा। समाज कल्याण विभाग की समीक्षा में पेंशन योजना के हितग्राहियों का आधार सीडिंग कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए, ताकि सभी पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं के लाभ मिल सके। मत्स्य विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्री व्यास ने शेष शासकीय तालाबों का नियमानुसार पट्टा प्रदान करने के निर्देश दिए, जिससे जरूरतमंदों को रोजगार उपलब्ध हो सके। साथ ही एनएफडीबी के अंतर्गत मछुआ पालक किसानों का पंजीयन सुनिश्चित कराने तथा उन्हें केसीसी योजना से जोड़कर लाभान्वित करने के निर्देश दिए। श्रम विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्री व्यास ने प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि इस योजना के तहत सभी पात्र हितग्राहियों का पंजीयन करें, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति इसके लाभ से वंचित न रहे।

### हत्या के मामले में आरोपी को आजीवन कारावास

**रायगढ़।** चतुर्थ अपर सत्र न्यायाधीश विरेंद्र के न्यायालय ने 24 मार्च को हत्या के मामले में आरोपी सूरज राठिया पिता बंधन राठिया 22 निवासी ग्राम आमगांव थाना धरमजयगढ़ को आजीवन कारावास की सजा से दंडित किया है। आरोपी ने थाना पूंजीपथरा क्षेत्र अंतर्गत विंध्याचल ऑक्सीजन प्लांट की लेबर कॉलोनी में पिकअप चालक विरेन्द्र खम्हारी 30 साल निवासी ग्राम लुकापारा सरिया की टांगी मारकर हत्या कर दी थी। घटना 22 अगस्त की रात की है। मृतक विरेन्द्र खम्हारी निवासी लुकापारा सरिया प्लांट में पिकअप चालक था और आरोपी सूरज राठिया खलासी का काम करता था। दोनों लेबर कॉलोनी में अलग.अलग क्वार्टर में रहते थे और आपस में अच्छे संबंध थे। घटना के दिन विरेन्द्र द्वारा सूरज से उधार पैसे मांगे जाने पर दोनों के बीच विवाद हुआ। विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपी सूरज राठिया ने टांगी से हमला कर विरेन्द्र को गंभीर रूप से घायल कर दिया। मेडिकल कॉलेज ले जाते समय विरेन्द्र की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही तत्कालीन थाना प्रभारी पूंजीपथरा निरीक्षक राकेश मिश्रा अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और वरिष्ठ अधिकारियों को वस्तुस्थिति से अवगत कराते हुए फरार आरोपी की तलाश शुरू की।

# बैंक ऑडिट विषय पर कार्यशाला का आयोजन

**रायगढ़।** आईसीएआई की शाखा में बैंक ऑडिट विषय पर एक ज्ञानवर्धक सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शाखा के वरिष्ठ सदस्य एफसीए अरुण कुमार अग्रवाल ने अपने व्यापक अनुभव एवं व्यावहारिक ज्ञान को अत्यंत सरल और प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। उन्होंने बैंक ऑडिट से जुड़े विभिन्न व्यावहारिक पहलुओं, चुनौतियों तथा वास्तविक जीवन के उदाहरणों के माध्यम से विषय को विस्तारपूर्वक समझाया सत्र का संचालन मानस बंसल द्वारा किया गया। सत्र अत्यंत उपयोगी, रोचक एवं मार्गदर्शक रहा।

इसी सत्र में ही सीए विद्यार्थियों की संस्था सीआईसीएएसए के पदाधिकारियों का चयन किया गया। अध्यक्ष सीए तेजस्वी अग्रवाल, उपाध्यक्ष खुशी अग्रवाल सचिव दिशा अग्रवाल कोषाध्यक्ष खुशी अग्रवाल तथा सदस्य सचिन गुप्ता, विशाल तलरेजा, कृष्ण कमानी, शिवम शर्मा, अर्चित अग्रवाल एवं श्याम सिंघल बने। यह संस्था विद्यार्थियों के विकास के लिए सेमिनार, ज्ञानवर्धक एवं व्यावसायिक कोर्स, डेबिट, स्पोट्र्स तथा अन्य कार्यक्रम समय समय पर आयोजित करेगी ताकि विद्यार्थियों का समुचित बौद्धिक एवं शारीरिक विकास हो सके। इस कार्यक्रम में शाखा के चेयरमैन सीए दिनेश अग्रवाल, ने बताया कि शाखा द्वारा 50 विद्यार्थियों के लिए एक लाइब्रेरी जल्द रायगढ़ में शुरू होने वाली है। शाखा के सीए सदस्यों के लिए एक एआई का 3 दिवसीय कोर्स एक मई से शुरू होने वाला है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
07 मई, 21 मई, 04 जून, 30 जुलाई, 13 अगस्त, 03 सितम्बर, 01 अक्टूबर, 19 नवंबर, 17 दिसंबर 2026 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 18,500/-, 3 एसी 28,500/-, 2 एसी 31,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त